हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 इलाके में हर्षोल्लास से मनाया गया बजरंगबली...



07 हनुमान जन्मोत्सव पर निकला भव्य चल...



## खबर संक्षेप

### ई-विकास पोर्टल पुनः प्रारंभ, उर्वरक के लिए टोकन अनिवार्य

**विदिशा।** किसानों की सुविधा के लिए जिले में खाद वितरण की नई व्यवस्था लागू है। अब किसान अपनी फार्मर आईडी में दर्ज रकबे एवं चयनित फसल के अनुसार 'ई-विकास पोर्टल' से टोकन प्राप्त कर चयनित केंद्र से उर्वरक उठाव कर सकेंगे। तकनीकी कारणों से चार दिन बंद रहने के बाद पोर्टल 1 अप्रैल से पुनः शुरू हो गया है। बिना पंजीयन ऑफलाइन उर्वरक नहीं मिलेगा। भारत सरकार के 'एग्री स्टेक' पोर्टल पर फार्मर आईडी बनवाना और भूमि रकबा दर्ज कराना अनिवार्य है। जिन किसानों ने आईडी नहीं बनवाई या रकबा अपडेट नहीं कराया है, वे शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करें।

### रुसल्ली ग्राम पंचायत को एफटीके प्रदाय किया



**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुपम गहोई के निर्देशन में नल जल योजना के लीकेज सुधार कार्य एवं एफटीके के माध्यम से जल परीक्षण और प्रशिक्षण एवं वितरण का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड विदिशा के ग्राम रुसल्ली में पेयजल स्त्रोत का निरीक्षण किया गया एवं पंचायत को एफटीके प्रदाय की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री एवं विकासखंड समन्वयक द्वारा एफटीके के माध्यम से परीक्षण, प्रशिक्षण एवं एफटीके प्रदाय गतिविधि सम्पन्न की गई।

### राष्ट्रीय सेलिंग कैंप में प्रार्थना भोई का चयन

**विदिशा।** जिला खेल परिसर स्टेडियम की खिलाड़ी कु. प्रार्थना भोई ने वाटर स्पोर्ट्स (सेलिंग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने 18 से 21 मार्च तक गोवा में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। वर्तमान में वे वाटर स्पोर्ट्स अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण ले रही हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन 3 अप्रैल से गोवा में होने वाले राष्ट्रीय सेलिंग टीम प्रशिक्षण कैंप के लिए हुआ है।

### राज्य स्तरीय पदक विजेताओं से खेलवृत्ति आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु जिले के पदक विजेता खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। स्वर्ण पदक पर 10 हजार, रजत पर 8 हजार एवं कांस्य पर 6 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी 31 मई तक जिला खेल परिसर में आवेदन जमा करें।

### भागीदारी का आह्वान 16 से स्वयं-गणना शुरू

**विदिशा।** जिला प्रशासन ने नागरिकों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की अपील की है। प्रथम चरण में मकान सूचीबद्धकरण एवं आवास जनगणना की तिथियां घोषित की गई हैं। इस वर्ष जनगणना प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाया गया है। नागरिक 16 से 30 अप्रैल तक स्वयं-गणना के तहत अपने मोबाइल के माध्यम से जनगणना पोर्टल पर मकान संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 1 से 30 मई तक नियुक्त गणनाकर्ता घर-घर जाकर पारंपरिक पद्धति से मकानों की सूची और आवास संबंधी विवरण एकत्रित करेंगे। प्रशासन ने सभी नागरिकों से निर्धारित अवधि में सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया है, ताकि विकास योजनाओं के निर्माण में सटीक आंकड़ों का उपयोग हो सके।

# हनुमान जन्मोत्सव: 'अंजनी लोक' के दर्शन, रंगई मंदिर में बैंकॉक के पेरिस्कोप से हुआ सूर्य तिलक, 2 लाख श्रद्धालु पहुंचे, कई जगह मंदिरों से निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही 'जय श्रीराम' और 'बजरंगबली' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मंदिरों में विशेष अभिषेक, आकर्षक श्रृंगार और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

शहर के रंगई स्थित दादाजी मनोकामनापूर्ण सिद्ध हनुमान मंदिर में इस वर्ष भव्य और अनूठी सजावट की गई थी। मंदिर को 'अंजनी लोक' का स्वरूप दिया गया, जिसमें भगवान हनुमान की बाल लीलाओं, पराक्रम और प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत रूप में दर्शाया गया। मंदिर परिसर को रामायण के 32 प्रसंगों और धनुषाकार लैंपों से सजाया गया था। इस बार अयोध्या की तर्ज पर एक विशेष आयोजन के लिए बैंकॉक से एक पेरिस्कोप मंगाया गया। इसके जरिए लगभग 30 फीट की ऊंचाई से सूर्य की किरणें सीधे गर्भगृह में हनुमान जी के मस्तक पर केंद्रित की गईं, जिससे उनका सूर्य तिलक हुआ। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों की सुविधा के लिए दोपहर से देर रात तक भंडारे का आयोजन हुआ। भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर परिसर में कालीन बिछाए गए और छाया तथा पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई। इसके अलावा बहरा बाबा घाट पर भी दिनभर भंडारा चलता रहा। महलघाट और रामघाट हनुमान मंदिरों पर भी भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। प्रतिमा की छबि देखते ही बन रही थी। शाम के समय यहां भजन संध्या का आयोजन किया गया।





**विदिशा।** रंगई हनुमान मंदिर पर अल सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए।

### भक्तिमय रहा माहौल हुए धार्मिक अयोजन

हनुमान जयंती के इस पावन अवसर पर विदिशा पूरी तरह भक्तिमय रंग में डूबा रहा, जहां आस्था और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम देखने को मिला। हनुमान जयंती के मौके पर सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर की यातायात व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए। सुबह 5 बजे से विवेकानंद चौराह से रंगई गणेश मंदिर तक का मार्ग पैदल यात्रियों के लिए आरक्षित कर दिया गया। भोपाल की ओर से आने वाले वाहनों को अग्रवाल एकेडमी बायपास से मिर्जापुर मार्ग की ओर डायवर्ट किया, जबकि अशोकनगर-गुना जाने वाले वाहन सांची-ढोलखेड़ी मार्ग से निकाले गए।

## ओलावृष्टि से नुकसान: किसानों ने की शीघ्र सर्वे और मुआवजे की मांग

# विधायकों ने खेतों में जाकर देखी बर्बाद फसलों की स्थिति, एसडीएम ने सर्वे दल गठित कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एक अप्रैल की शाम को शमशाबाद और विदिशा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में हुई ओलावृष्ट के बाद गुरुवार को शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना और विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने ओलाप्रभावित खेतों का जायजा लिया। वहीं एसडीएम क्षितिज शर्मा द्वारा फसल क्षति के आंकलन के लिए संयुक्त सर्वे दल गठित कर सर्वे के निर्देश जारी कर दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार पटवारियों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के संयुक्त दल ग्रामों में पहुंचकर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खेत-खेत जाकर फसल क्षति का सर्वे करेंगे। यह सर्वे दो अप्रैल को किया जाएगा, जिसमें ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का आकलन आरबीसी 6(4) में वर्णित प्रावधानों के तहत किया जाएगा। सर्वे के दौरान दल द्वारा क्षति पत्रक तैयार किया जाएगा, जिस पर संयुक्त हस्ताक्षर कर उसे दो दिवस के भीतर संबंधित राजस्व अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही सर्वे कार्य की प्रगति की जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दी जाएगी। प्रशासन द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि जिन खेतों में पहले से फसल कट चुकी है, उनकी जानकारी पृथक रूप से संकलित कर प्रस्तुत की जाए, ताकि वास्तविक क्षति का सटीक आंकलन किया जा सके। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ ग्रामीण विस्तार अधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराएं तथा स्वयं भी सर्वे कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करें।

ओलावृष्टि से ग्राम सुरई मुड़रा के सिरनोटा हार में भी ओलावृष्टि हुई। जिससे किसान गजराज सिंह रघुवंशी, धर्मपाल सिंह रघुवंशी, ज्ञान सिंह रघुवंशी, हिम्मत सिंह रघुवंशी, रामकृष्ण शर्मा, दीप सिंह रघुवंशी, प्रकाश सिंह रघुवंशी, राजाराम, भास्कर सिंह, अरुण आदि किसानों की गेहूं चने की फसल को नुकसान हुआ है।



**विदिशा।** ओला प्रभावित खेतों का जायजा लेते हुए विधायक सूर्यप्रकाश मीना।



**विदिशा।** गुलाबगंज क्षेत्र में गेंहू के खेत देखने पहुंचे विधायक मुकेश टंडन।

### ओलावृष्टि से कई गांवों में 100 प्रतिशत तक हुआ नुकसान: टंडन

विधायक मुकेश टंडन ने बुधवार रात ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों की जानकारी फोन पर लेने के बाद गुरुवार सुबह गुलाबगंज क्षेत्र के बरीघाट, धतुरिया और रुसल्ली खजूरी सहित कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर सर्वे दल गठित कर दिए गए हैं और प्रत्येक खेत का आकलन किया जाएगा, ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। विधायक ने कहा कि कई गांवों में 100 प्रतिशत फसल नुकसान हुआ है। बारिश के कारण कटाई में गेहूं के साथ मिट्टी आने से समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में वे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी समाधान का अनुरोध करेंगे। दौरे में प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक चोरी के दो आरोपी धराए पांच लाख कीमत के वाहन जब्त



**विदिशा।** चोर गिरोह के अन्य चोरी की घटनाओं में शामिल होने की आशंका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिविल लाइन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 5 लाख कीमत की तीन मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस के रडार पर थे।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। इस दौरान अंकित यादव उर्फ टुंडा (25) निवासी क्रांति चौक और अरुण अहिरवार (19) निवासी गुप्तेश्वर मंदिर के पास, कोतवाली क्षेत्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी टुंडा ने सुपारी लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में ही मुखर्जीनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता रंजीत सोनी की गोली मारकर हत्या की थी।

### आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं कई मामले

उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में 9 और कोतवाली थाने में 3 प्रकरण पहले से दर्ज हैं, जिनमें हत्या (धारा 302) जैसे गंभीर अपराध भी शामिल हैं। पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य वारदातों का खुलासा करने में जुटी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल हो सकता है। इस कार्रवाई में एएसआई घूमन सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील पुरी, राजकुमार मौर्य, कपूर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में चोरी और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। साथ ही आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य मामलों के खुलासे की भी उम्मीद है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन युवक घायल, डायल112 ने पहुंचाया अस्पताल

**विदिशा।** जिले के थाना मुरवास क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर बस स्टैंड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना 2 अप्रैल को सुबह 10:13 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना मुरवास में तैनात डायल-112 एफआरवी वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 के सैनिक समीन खान एवं पायलट राशिद खान घटनास्थल पर पहुँचे और पाया कि टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एफआरवी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी।

## 1882 सर्वेयर सक्रिय, फसल सर्वेक्षण और फार्मर रजिस्ट्री कार्य को मिल रही रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में फसल सर्वेक्षण (गिरदावरी) कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्थानीय युवाओं को सर्वेयर के रूप में जोड़ा गया है। वर्तमान में जिलेभर में कुल 1882 सर्वेयर पंजीकृत होकर सक्रिय रूप से खेतों में पहुंचकर फसल संबंधी जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। इस पहल से जहां कृषि आंकड़ों का सटीक संकलन हो रहा है, वहीं युवाओं को रोजगार का अवसर भी मिल रहा है।

प्रशासन द्वारा सर्वेयरों के भुगतान की स्पष्ट दरें निर्धारित की गई हैं। प्रत्येक सर्वे नंबर पर 8 रुपए देय हैं तथा अतिरिक्त फसल दर्ज किए जाने पर प्रति फसल 2 रुपए अतिरिक्त प्रदान किए जाते हैं। इस प्रकार एक सर्वे नंबर पर अधिकतम 14 रुपये तक का भुगतान किया जाता है। इसके अलावा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के कार्य हेतु प्रति फार्मर आईडी 10 रुपये की दर तय की गई है। जिला प्रशासन ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025-26 के फसल सर्वेक्षण का भुगतान सर्वेयरों को कर दिया गया है, जिससे उनमें उत्साह और सक्रियता बढ़ी है।

### किला अंदर स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में रजत मुकुट धारण, आभूषण शोभायात्रा निकली

**विदिशा।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर विजय मंदिर मार्ग, किला अंदर स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। प्रात:काल श्री हनुमान जी का विधिवत अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पं. लोकरे शास्त्री ने रजत मुकुट धारण संस्कार संपन्न कराया। इसके पूर्व श्री बालाजी मंदिर से आभूषणों की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंची। ढोल-मंजीरों की धुन पर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंदिर समिति के प्रशांत आचार्य एवं सुनील सैनी ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिनों से धार्मिक कार्यक्रम जारी थे। शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं श्रृंगार दर्शन आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।



## वरिष्ठ व्यापारियों की उपस्थिति में हुआ विधिवत चार्ज हस्तांतरण

# व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर विदिशा व्यापार महासंघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया।

चार्ज ग्रहण समारोह पूर्व अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन के कार्यालय में संपन्न हुआ, जहां लेखा-जोखा एवं महासंघ से संबंधित सभी दस्तावेजों का औपचारिक हस्तांतरण किया गया। निवृत्तमान अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश जैन को महासंघ भवन की चाबी सुपुर्द की। पूर्व महामंत्री नवल शास्त्री ने नव महामंत्री नरेंद्र सोनी को समस्त दस्तावेज और रजिस्टर सौंपे। वहीं कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल ने राजकुमार अग्रवाल को कोष संबंधी दायित्व हस्तांतरित किया। इस अवसर पर हरीश वाधवानी, विश्वनाथ अग्रवाल, जितेंद्र जैन, आशीष माहेश्वरी, विवेक शर्मा, मनीष अरोरा सहित अनेक वरिष्ठ व्यापारी एवं महासंघ के डायरेक्टर उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि विदिशा के व्यापार को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए छोटे एवं युवा व्यापारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा तथा व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर महासंघ को सशक्त किया जाएगा।

महामंत्री नरेंद्र सोनी ने व्यापारी हितों की रक्षा, सुरक्षा और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। जानकारी पूर्व महामंत्री नवल शास्त्री द्वारा दी गई।



## अग्निवीर पदों के लिए अब 10 अप्रैल तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अग्निवीर पदों की भर्ती हेतु अब आवेदक 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को भारतीय सेना द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य है। अग्निवीर भर्ती 2026 में केवल वही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं जो आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करते हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा न करने की स्थिति में उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### न्यूनतम 45 प्रतिशत कुल अंक होना चाहिए

अग्निवीर वैकेंसी 2026 के अंतर्गत भारतीय सेना अग्निवीर परीक्षा 2026 की विस्तृत पात्रता आयु सीमा 17 .5 वर्ष से 21 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता में उम्मीदवार का 10वीं, मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, न्यूनतम 45 प्रतिशत कुल अंक तथा प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक होना चाहिए। आवेदन भारतीय नागरिक होना चाहिए। इसी प्रकार पुरुष एवं महिला (पद के अनुसार) इंडियन आर्मी अग्निवीर रिक्रूटमेंट के तहत चयनित उम्मीदवारों को भारतीय सेना में आकर्षक वेतन पैकेज और भत्ते प्रदान किए जाएंगे। शुरुआती वेतन लगभग 30 हजार रुपए प्रति माह होगा, जिसमें समय-समय पर वार्षिक वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा अग्निवीरों को जोखिम भत्ता, कठिनाई भत्ता दिया जाएगा।

खबर संक्षेप

## नौलखी मंदिर में वाटर कूलर भेंट किया



**गंजबासौदा।** स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर वाटर कूलर का विधिवत पूजन महंत राम मनोहर दास महाराज द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। समाजसेवी प्रकाश माहेश्वरी ने अपने पिताजी स्वर्गीय शिवलाल माहेश्वरी एवं माताजी निर्मला देवी माहेश्वरी की पुण्य स्मृति में मंदिर परिसर में वाटर कूलर भेंट किया। वाटर कूलर का एक कनेक्शन मंदिर के बाहर भी दिया गया है, जिससे राहगीरों को भी भीषण गर्मी में ठंडा पानी सहज रूप से मिल सके। इस अवसर पर महंत जी ने शास्त्रों में वर्णित जल सेवा के महत्व को बताते हुए कहा कि पद्म पुराण में भी जल सेवा को महान पुण्य कार्य बताया गया है, जहां वर्णन है कि जो व्यक्ति तपती धूप में प्यासे प्राणी को जल उपलब्ध कराता है, वह सीधे ईश्वर की सेवा करता है। उन्होंने कहा कि अन्न दान से भी पहले जल दान को प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि जल ही जीवन का आधार है। गरुड़ पुराण में प्यासे को जल पिलाने वाला व्यक्ति अक्षय पुण्य का भागी बनता है और उसे जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। जल ही जीवन का आधार है, इसलिए प्यासे को जल पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। जो व्यक्ति इस सेवा में भाग लेता है, वह समाज और धर्म दोनों का ऋण चुकाता है। कार्यक्रम में नगेंद्र उपाध्याय, अशोक माहेश्वरी, श्रीराम रैकवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिरों में सुबह से लेकर रात्रि तक होते रहे विभिन्न आयोजन

# इलाके में हर्षोल्लास से मनाया गया बजरंगबली का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा









गुरुवार को श्री हनुमान प्रकटोत्सव इलाके भर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह से लेकर देर शाम तक श्री हनुमान आराधना का क्रम चलता रहा। हनुमान जी के मंदिरों की आकर्षक साज सज्जा के साथ सुबह उन्हें नया चोला, वस्त्र, ध्वज चढाया गया। इसके अलावा रामायण पाठ, सुंदर कांड पाठ, हनुमान चालीसा आदि के पाठ कराए गए। वहीं हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में चल समारोह भी निकाले गए और शाम को भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

हनुमान जयंती के अवसर पर श्री बालाजी मंदिर पिथौली धाम में भी विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। उधर इलाके के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ना शुरु हो गया जो देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर मंदिरों का रंग रोगन के साथ आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई थी। वहीं कई गांवों में हनुमान मंदिरों पर रामायण पाठ, सुंदरकांड आदि का भी आयोजन हुआ। इस दौरान नौलखी मंदिर, नूरपुर धाम, मुरादपुर धाम, सिरनोटा धाम, बांकडे हनुमान मंदिर, विजय हनुमान मंदिर, बालाजी धाम पचमा, ग्राम हतौडा, श्री हनुमान मंदिर बेंहटा, इमलाधाम मंदिर, नानाजी वाली गली स्थित हनुमान मंदिर, गंज स्थित हनुमान मंदिर, खेडापति हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर सहित गौखुर स्थित हनुमान मंदिर और सभी हनुमान मंदिरों में श्री हनुमान जी को नया चोला, वस्त्र, झंडा चढाया गया एवं विभिन्न प्रकार के भोग लगाकर हनुमान जी की आराधना की गई। इस दौरान अनेक स्थानों पर कन्या भोज एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

वहीं श्री हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शाम 5 बजे गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जो कि नगर के मुख्य मार्ग सदर बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जय स्तंभ चौक, अंबेडक चौक, सुभाष चौक, नेहरु चौक होते हुए रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंची जहां उसका समापन हुआ। शोभा यात्रा में सुसज्जित रथ पर भगवान हनुमान जी की जगमगाती हुई झांकी का नपा द्वारा जयस्तंभ चौक पर स्वागत किया गया। इस दौरान नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पंचतत्व संरक्षण समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी, मनोज यादव, कदीर भाई, मयंक टांक सहित अनेक लोग मौजूद रहे। दो घोड़ा बग्घी पर हनुमान जी की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही महाशक्ति अखाड़े के पहलवानों ने चकरा, बनेठी, पटिया, ढाल तलवार एवं मुग्दर की कलाओं का प्रदर्शन कर सबका ध्यानाकर्षण किया। भजन मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुतियां दीं। शोभा यात्रा का जगह जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। उक्त शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकगण एवं श्रद्धालु सम्मिलित हुये। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, सुनील यादव, मुकेश सेन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। चल समारोह में डीजे पर चल रहे भगवान के भजनों एवं धार्मिक धुनों पर कई श्रद्धालु नृत्य करते हुए एवं जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों में नए मटकों की पूजन कर उन्हें बेसन के पकवानों से भरा और भगवान को भोग भी लगाया।

## शा.कन्या उमावि में मना प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मण्डी विद्यालय में बुधवार को सत्र 2026-27 की शुरुआत होने पर शाला में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वर्तमान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजली मनोज यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं को तिलक लगाकर शाला में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अंजली मनोज यादव के द्वारा शिक्षा जगत में शिक्षकों एवं छात्राओं के देश के प्रति योगदान के बारे में अपने अनुभव छात्राओं के साथ साझा किये गए। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य प्रभात श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को वार्षिक कार्ययोजना बताकर किया गया। छात्राओं को मध्यान्ह भोजन कराया गया एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर अनेक नागरिक, विद्यालयीन स्टॉफ और छात्राएं मौजूद रहीं।

## नपा ने किया प्याऊ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गुरुवार को रेलवे स्टेशन के पास नगरपालिका परिषद द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की शुरुआत हुई है, जिसका उद्देश्य जल स्त्रोतों (नदियों, तालाबों, बावड़ियों) का पुनरुद्धार और संरक्षण करना है। यह अभियान जनभागीदारी से पारंपरिक जल संरचनाओं की सफाई, अतिक्रमण हटाने और वाटरशेड प्रबंधन के माध्यम से जल सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। ताकि हम जल के संरक्षण और उसके महत्व को आम जनता तक पहुंचा सकें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में यह अभियान चला रही है। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मीणा, रुपेन्द्र शर्मा, शुभम रघुवंशी, सतीश महेश्वरी, मूलचंद कुशवाह, मयंक टांक सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## शिवानी ने मंदिर परिसर में सूखे रंगों से बनाई रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




जब भाव सच्चे हों तो रंग भी बोल उठते हैं और श्रद्धा गहरी हो तो सूखे कण भी सजीव हो जाते हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के सावरकर चौक स्थित श्री धनुषधारी राम मंदिर में ऐसा ही एक प्रेरक दृश्य देखने को मिला, जहां सूखे रंगों में भक्ति उतरती नजर आई। जहां मंदिर के आंगन में बिखरे रंगों ने भक्ति का रूप धारण कर लिया। नगर की युवा शिक्षिका शिवानी सेन ने लगातार 25 घंटे की मेहनत से भगवान रामजी और हनुमान जी के गले मिलते हुए भव्य रंगोली तैयार की। यह रंगोली केवल एक चित्र नहीं, बल्कि साधना का परिणाम है, जिसमें हर रंग, हर रेखा और हर बारीकी में श्रद्धा का भाव स्पष्ट झलकता दिखाई दिया। मंदिर में आने वाला हर श्रद्धालु इस कलाकृति को देखकर कुछ पल ठहरने को मजबूर हुआ। शिवानी को उसकी कला के लिए मंच देने वाले क्षत्रिय भावसार समाज के अध्यक्ष रोहित भावसार ने बताया कि उन्होंने शिवानी की अद्भुत कला को गांधी चौक राम जानकी मंदिर में रामनवमी पर देखी थी। उन्होंने शिवानी को आमंत्रित किया कि वह धनुषधारी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर एक सुंदर सी भक्ति भाव वाली रंगोली बनाएं। भावसार ने शिवानी को सूखे कलर उपलब्ध कराये और शिवानी ने लगातार 25 घंटे की अथक मेहनत से राम जी और हनुमान जी के मिलन की सुंदर सी रंगोली मंदिर के आंगन में उकेरी। मध्यमवर्गीय परिवार की शिवानी सेन एक निजी विद्यालय में क्राफ्ट शिक्षिका हैं।

### शाम के समय देर तक लगा जाम

**गंजबासौदा।** त्योंदा रोड पर भारी वाहनों के चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। गुरुवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर भारी वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम लगा रहा। जिसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने किया शालाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 मे प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दितीय दिवस की कार्य योजना का निरीक्षण करने जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने विकास खंड के विभिन्न शालाओं का सघन आकस्मिक किया। जिला ओआईसी अधिकारी आरबी सक्सैना जब निरीक्षण करने शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी पहुँचे तो एक शिक्षकीय शाला होने के बावजूद शाला की बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिऐ शाला प्रधानाध्यापक सैयद शफाकत हुसैन कादरी की प्रशंसा की, शाला विधिवत संचालित पाई गई। शाला में नवीन प्रवेश उत्सव के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए है ,किताबें वितरण हो गई हैं और जो नव प्रवेशी बच्चे आ रहे हैं उनको तत्काल किताबें वितरण की जा रही हैं। शाला परिसर साफ-स्वच्छ, बालक, बालिकाओं का शौचालय सुचारु रूप से संचालित पाया गया। वहीं परिसर मे औषधीय, दैवीय पौधे लगे हुऐ हैं। जिनको देखकर अधिकारीगण ने इसको जिला स्तर पर अनुकरणीय उदाहरण बताया। इस अवसर पर पूर्व पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष फेरन सिंह लोधी ने अधिकारीगण से अतिथि शिक्षक या अन्य कोई शिक्षक को शाला में शैक्षणिक कार्य हेतु भेजने की या अटैचमेंट करने की मांग रखी। जिस पर जिला अधिकारीगण ने जल्द से जल्द एक और शिक्षक शाला मे नियुक्त करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला दल ने सुरुचिपूर्ण मध्यान्ह भोजन को टेस्ट कर उसकी गुणवत्ता भी चैक की एवं संतुष्टि जाहिर की। निरीक्षण दल ने शाला प्रधानाध्यापक सैयद शफाकत हुसैन कादरी को बेहतर शाला प्रबंधन व संचालन के लिऐ साधुवाद दिया व ऐसे ही कर्तव्य पालन करते रहने की बात करते हुए उनकी हौसला अफजाई की।

वहीं इस दल ने कालीपठार शाला का भी निरीक्षण किया और उस स्कूल की व्यवस्थाओं को देखकर भी शाला प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी की कार्यशैली और लगन की सराहना की। साथ ही अन्य शिक्षकों, विद्यार्थियों, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष से भी चर्चा कर स्कूल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## टावर पर चढ़ी युवती को पुलिस ने नीचे उतारा



**गंजबसौदा।** ग्राम हतोड़ा में एक युवती गुरुवार को दोपहर के समय टावर पर चढ़ गई। युवती को टावर पर चढ़ा देख आसपास भारी भीड़ एकत्रित हो गई जिन्होंने युवती के परिजनों और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने 2 घंटे तक युवती को समझाइश दी और उसे नीचे उतारा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिरावदा निवासी 20 वर्षीय युवती हतोड़ा के समीप एक टेलीकॉम टावर पर चढ़ गई। जिसकी सूचना लोगों ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। साथ ही युवती के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि युवती का किसी युवक से प्रेम प्रसंग है। युवती युवक से शादी करना चाह रही थी, लेकिन युवक ने इनकार कर दिया था। जिसके बाद युवती टॉवर पर चढ गई। मौके पर पहुंची युवती की छोटी बहन ने फोन पर युवती से बात की और युवती के प्रेमी से भी उसकी बात कराई गई, तब कहीं युवती नीचे उतरी। पुलिस, प्रशासन की टीमें और परिजनों की लगातार समझाईश के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतार कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### शासकीय प्राथमिक शाला काली पठार में मना प्रवेशोत्सव

## प्रवेश उत्सव पर छात्रों को मिला साउंड सिस्टम, सिलाई मशीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय प्राथमिक शाला काली पठार में प्रवेश उत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन कर सभी छात्रों का तिलक एवं पुष्प वर्षा कर छात्र छात्राओं की आरती की गई। इस अवसर पर कक्षा 1 में नव प्रवेशी 3 छात्रों जिसमें कार्तिक अहिरवार, शिवा अहिरवार, रितिक कुशवाह को तिलक, माला पहनाकर बैग, कम्पास, पानी बॉटल, कापी, किताबें भेंट की गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, विशेष अतिथि सरपंच अशोक कुशवाह, सचिव चतुर्भुज सोनी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लालू प्रसाद लोधी ,गोपीलाल लोधी उपस्थित थे। जनपद सदस्य अमृतांशु यादव ने नवीन प्रवेशी एवं सभी छात्रों को प्रवेश उत्सव की बधाई देते हुए शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह शाला जिले में चर्चित शाला है। प्रत्येक क्षेत्र में यहां के छात्र और शाला प्रबंधन अव्वल है। हमें ऐसी शासकीय शाला देखने में प्रसन्नता होती है। जनपद सदस्य अमृतांशु यादव ने कहा कि मैं अपनी ओर से एक साउण्ड सिस्टम शाला को देने की घोषणा करता हूं। वहीं सरपंच अशोक कुशवाह ने कहा कि हमें ऐसे शिक्षक और शालाओं पर गर्व है। यह शाला अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में चर्चित है यदि ऐसी शालाएं हों तो छात्रों को प्राइवेट स्कूलों में जाने की आवश्यकता ही नहीं है। मैं अपनी ओर से भविष्य में रोजगार सृजन की दृष्टि से छात्राओं को दो सिलाई मशीन देने की घोषणा करता हूं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य छात्र, छात्राओं को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना है। शाला को आकर्षक और सुंदर बनाना है जिससे यहां की व्यवस्था देखकर छात्र प्रवेश के लिए आकर्षित हों और शाला में दी गई शिक्षा और संस्कार हमेशा याद रखें। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 5 के छात्रों को मार्कशीट वितरण और शाला में अध्ययनरत छात्रों को पुस्तक वितरण कर रूचिपूर्ण प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का विशेष भोज कराया गया। इस अवसर पर गोपालदास अहिरवार, रानी रघुवंशी, आरती अहिरवार, गंगा सेन, ओमवती लोधी, प्रवेश लोधी, हरिसिंह, दिनेश गुप्ता, राजकुमार, लक्ष्मी कुशवाह, अनीता चिढार, क्रांति कुशवाह, द्रोपदी लोधी, सावित्री अहिरवार, उर्मिला अहिरवार आदि उपस्थित थी। वही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में भी प्रवेशोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया।

### बार-बार हो रही बिजली गुल

**गंजबासौदा।** विगत एक सप्ताह से विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के अनेक वार्डों में बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

### धरने में शामिल हुए सांसद प्रतिनिधि




**गंजबासौदा।** नगर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित शराब दुकान को हटाने के लिए चल रहे धरना प्रदर्शन में गुरूवार को सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने भी शामिल होकर इस अभियान को अपना समर्थन दिया। यहां उल्लेखनीय है कि मुख्य मार्ग पर स्थित इस शराब दुकान को हटाने की मांग नागरिकों द्वारा कई वर्षों से की जा रही है, लेकिन हर बार प्रशासन कोई न कोई बहाना बनाकर दुकान स्थानांतरण टालता आ रहा है। इस बार भी इस दुकान को हटाने की मांग को लेकर नागरिकों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसमें प्रतिदिन नागरिकगण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, युवा आकर धरने में शामिल हो रहे हैं और दुकान हटाने के अभियान को अपना समर्थन दे रहे हैं।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में उन्नति फाउंडेशन बैंगलोर द्वारा सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं रोजगार परक कौशलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अत्यंत उपयोगी बताया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 जनवरी से 30 मार्च तक आयोजित किए गए, जिसके अंतर्गत छात्राओं को इंग्लिश स्पीकिंग, पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट, रिज्यूम राइटिंग, इंटरव्यू स्किल्स, पब्लिक स्पीकिंग तथा लाइफ स्किल्स एण्ड वेल्यू जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन कार्यक्रमों का संचालन प्रशिक्षक संतोष तिवारी द्वारा किया गया। समापन समारोह के अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन भी स्वयं किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पुष्पा बर्डे द्वारा प्राचार्य, प्रशिक्षक एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप



### लापता युवक का घर के पास कुएं में मिला शव

**सिरोंज।** नगर के अलीगंज पहाड़ पर रहने वाले 22 साल के नीरज शर्मा का शव गुरुवार सुबह उसके घर के पास एक कुएं में मिला। मिली जानकारी अनुसार नीरज शर्मा बुधवार सुबह 10 बजें से लापता था। परिजनों ने बुधवार दोपहर बाद थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गुरुवार की सुबह अलीगंज पहाड़ पर घर के पास के कुएं में जब लोग पानी भरने गए तो नीरज का शव कुंए में मिला। वही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की।

### महिला जैन मिलन की बैठक संपन्न

**सागर।** भारतीय जैन मिलन के क्षेत्र क्रमांक 10 के अंतर्गत महिला जैन मिलन मुख्य शाखा कटरा सागर की बैठक आयोजित की गई। शाखा संयोजिका, संरक्षिकाओं एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ सदस्य वीरांगना अनीता शास्त्री को अध्यक्ष और वीरांगना अनीता जैन विद्यासागर को सचिव मनोनीत किया। संरक्षिका वीरांगना माया सराफ ने मनोनीत नवीन कार्यकारिणी को बधाई दी। नव मनोनीत अध्यक्ष वीरांगना अनीता शास्त्री ने कहा कि मैं सभी सदस्यों का सम्मान करते हुए सभी को साथ लेकर सद्भावना पूर्ण वातावरण में कार्य करूंगी और संस्था की गरिमा, एवं सभी के विश्वाश को बनाए रखूंगी। सचिव वीरांगना अनीता विद्यासागर ने आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष वीरांगना ने समय पर शुल्क राशि प्रदान कर सहयोग का निवेदन किया पूर्व अध्यक्ष वीरांगना किरण जैन सिसई, वीरांगना रश्मि समैया आदि उपस्थित रही।

### हनुमान मंदिरों में दर्शन करने के लिए सुबह से देर रात्रि तक लगी रही भक्तों की कतारें

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकला भव्य चल समारोह, जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर में श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव गुरूवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः हनुमान मंदिरों पर जहां महाआरती हुई, वहीं भण्डारा प्रसादी वितरण का आयोजन दिन भर चलता रहा। सुबह से देर रात तक हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। वहीं पुलिस भी पूरी तरह से सतर्क रही। सुबह से लेकर शाम तक पुलिस की अलग-अलग टुकड़ियां संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त करती नजर आई। वहीं नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा चौक-चौराहों पर चल समारोह का पुष्प बर्षाकर जोरदार स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि सिरोंज में हमेंशा सभी त्योहार शांति,सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाए जाते है। जिसमें हर वर्ग के लोग अपनी अहम भूमिका निभाते है।

### निकला विशाल चल समारोह

श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में विशाल चल समारोह निकाला गया। दोपहर करीब 12 बजे से छत्रीनाका चौराहा हनुमान मंदिर परिषर से चल समारोह की अगवानी बैंड,डीजे सहित ढोल ढमाकों के बीच शुरू की गई। इस दौरान भक्त अपने हाथों में भगवा ध्वजा लेकर भजनों की धुन पर थिरकते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यह चल समारोह नगर के कस्टम पथ, कठाली बाजार,कपड़ा बाजार,चांदनी चौक, कोर्ट गेट,राज बाजार से होते हुए मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पहुंचा जहां पर मंदिर के शिखर पर ध्वजा अर्पण किया गया और आरती की गई इसके बाद यह चल समारोह पुनः वापिस होते हुए तहसील रोड, थाना, नपा कार्यालय, बजारिया, हाजीपुर, सुभाष नगर से होते हुए ईमलानी रोड पर स्थित लाल बाबा हनुमान मंदिर पहुंचकर समापन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहें।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

वहीं बजरंग दल के इस भव्य चल समारोह का नगरवासियों ने जगह-जगह छतों से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। वही नगर के मुख्य चौक-चौराहो पर विभिन्न सामाजिक 'सगठनों,राजनैतिक संगठनो द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। चल समारोह में संकट मोचन की सजाई गई झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। तो वही श्रद्धालुओं ने महावली की पग-पग पर आरती उतारी।

### दर्शनों के लिए लगी रही कतार

बजरंग बली के जन्मोत्सव पर नगर के मंशापूरण हनुमान मंदिर,छत्री नाका हनुमान मंदिर,लाल बाबा हनुमान मंदिर,गणपुरी हनुमान मंदिर,अलीगंज पहाड भैरो पठार हनुमान मंदिर सहित नगर के अनेको मंदिरो में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः मंदिर में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। साथ ही बजरंग बली को छप्पन भोग लगाया गया इसके बाद महाआरती हुई। दोपहर में विशाल कन्याभोज एंव भंडारे का आयोजन किया गया जो कि देर रात्रि तक चलता रहा। वही बड़ी संख्या में भक्तों ने भडारें में पहुचकर प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद रात्रि में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जो कि देर रात्रि तक चलता रहा।







### 4 करोड़ 60 लाख की लागत बनेंगे 41 आंगनबाड़ी केन्द्र

**सिरोंज।** क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा की अनुशंसा पर 4 करोड़ 60 लाख की लागत से सिरोंज तहसील में 41 आंगनवाड़ी केन्द्रो पर भवन निर्माण की स्वीकृति हुई। ज्ञात हो कि यह आंगनवाड़ी केन्द्र वर्तमान की स्थिति में गॉव की दालानो या निजी भवनो में संचालित की जा रही है। यहा भवन न होने के कारण अध्ययनरत बच्चो को भी परेशानियो का सामना करना पड़ता था। जिनके भवनो की मांग निरंतर ग्रामीण वासियो के द्वारा की जा रही थी जिसको लेकर विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा किये गये प्रयास रंग लायें और इसी पर विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं महिला बाल विकास विभाग की मंत्री निर्मला भूरिया का आभार व्यक्त किया गया वही यह स्वीकृति होने पर क्षेत्र में खुशी लहर दौड़ गई और रहवासियो,स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी विधायक श्री शर्मा का आभार व्यक्त किया गया।



#### 11 लाख 22 हजार की लागत से होंगे भवन तैयार

वही एक आंगनवाड़ी केन्द्र 11 लाख 22 हजार की लागत से निर्माण ग्राम पंचायतो के द्वारा किया जायेंगा। जिसमें स्वीकृत हुए आंगनवाड़ी केन्द्र प्यासी, करीमाबाद, कुंदनखेड़ी, जलालपुर, टांडा बंजारा, नारायणपुर, पचमढ़ी, पर्वतपुर, बरेण्डा, महाराज खेड़ी, लाला टौरी, सांकला हवेली, सारंगपुर, सुगनाखेड़ी, सैदपुरा, खोंदूपुर, आफताव नगर हरिपुर, आमखेड़ा, कचनारिया, बाबुलखेड़ी, वामनखेड़ी, पारधा, रामनगर, गोपलपुर, सूरनताल, रामनगर, बंजारा टपरा, अजीमाबाद, गरेठा अ,गरेठा स, सुगनयाई, हिनोतिया, सांझर मजरा, बागरोद, भौंरया, तिलियाहार, वीरपुर, कुंडाई, मजरा सोठियार, इमामनगर, नरखेड़ा जागीर, हरदौल खेड़ी केन्द्रो पर भवनो का निर्माण किया जाएगा।

# पत्रकार पर जानलेवा हमले के बाद उल्टा एफआईआर डीजीपी को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आनंदपुर

6 मार्च को लटेरी तहसील अंतर्गत आनंदपुर में रिपोर्टिंग के दौरान पत्रकार मनीष शर्मा पर हुए जानलेवा हमले का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।

इस प्रकरण में पुलिस द्वारा पीड़ित पत्रकार पर ही एफआईआर दर्ज किए जाने से पत्रकार जगत में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाचार संकलन के दौरान सरपंच पुत्र एवं शासकीय शिक्षक राधा बल्लभ शर्मा द्वारा पत्रकार मनीष शर्मा पर प्राणघातक हमला किया गया। घटना के दौरान मौजूद वीडियो साक्ष्यों के बावजूद पुलिस ने उन्हें अनदेखा करते हुए उल्टा पत्रकार पर ही मामला दर्ज कर दिया।इस पूरे मामले को लेकर इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र गौतम के नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक, भोपाल को एक औपचारिक आवेदन पत्र सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र गौतम जी ने पत्र में घटना की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। आवेदन पत्र में मांग की गई है कि

पत्रकार मनीष शर्मा पर दर्ज एफआईआर को तत्काल निरस्त किया जाए। आरोपी शिक्षक राधा बल्लभ शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को दंडित किया जाए। पीड़ित पत्रकार एवं उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र गौतम ने चेतावनी दी है कि यदि महासंघ की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### सरपंच प्रतिनिधि ने गायों के लिए रखे जल के पात्र



**गुलाबगंज।** गुलाबगंज के ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने नगर के प्रमुख स्थानों पर पेयजल लगवाए हैं। जिससे गर्मी में जनता को ठंडा पानी मिल सके। ग्राम पंचायत भवन , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,बस स्टैंड और मुख्यबाजार के चौराहे पर प्याऊ का उद्घाटन किया गया। वहीं गौ माता के लिए पात्र रखवाए गए। ओमप्रकाश घावरी ने तहसील के सामने, ग्रीन सिटी कॉलोनी, बालाजी कॉलोनी, मेन मार्केट में राहुल सोनी के सामने, सुनील टंडन के घर के सामने पशु प्याऊ का शुभारंभ किया। इस मौके पर जनपद सदस्य सचिन यादव, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अंकुर दांगी, सुनील कुमार गुप्ता, राहुल सोनी, आलोक जैन, भूरा दांगी, सचिव राजेंद्र शर्मा, जगदीश तिवारी, अजय यादव आदि मौजूद थे।

# जिलेभर में उत्साह से मना हनुमान जयंती का पर्वः मंदिरों में हुए अखंड रामायण पाठ, मंदिरों से निकाली गईं भव्य शोभायात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कागपुर

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। मंदिर को फूलों व आकर्षक रोशनी से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुंदरकांड पाठ व भजन-कीर्तन में भक्त भाव-विभोर हुए। प्रातः भव्य शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली, जिसमें श्री राम दरबार, शिव-पार्वती व हनुमान जी की सजीव झांकियां आकर्षण रहीं। बैंड-बाजों व जयकारों से नगर गुंजायमान रहा। रात्रि में संगीतमय महाआरती व भजन संध्या आयोजित हुई। समिति ने सहयोगकर्ताओं का आभार जताया।

### अखंड रामायण पाठ हुआ

**ग्यारसपुर।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां भक्तों ने हनुमान जी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और अपनी आस्था प्रकट की। पूरे नगर में भक्ति का माहौल देखने को मिला। खजिया बाग स्थित हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जो पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। पाठ के समापन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। वहीं छप्पर मोहल्ला हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, पूडेश्वर महादेव मंदिर, मोहनपुर, दुर्गा चौक तथा बगीचा वाले हनुमान जी मंदिर सहित थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिरों में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना और आरती कर हनुमान जी महाराज से सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



### मुरवास में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**मुरवास।** मुरवास में हनुमान जयंती पर गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जय श्रीराम के जयघोष के साथ निकली यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती कर स्वागत किया। खास बात यह रही कि मुस्लिम समाज के लोगों ने भी आगे बढ़कर शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत कर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। शोभायात्रा शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

### शमशाबाद में मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शमशाबाद।** नगर सहित आसपास के क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पर्व के एक दिन पूर्व ही मंदिरों को फूलों की मालाओं और आम के पत्तों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। पर्व के दिन सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे। दिनभर मंदिरों में भक्तों की भीड़ बनी रही। भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन पूरे दिन चलता रहा।इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भंडारे और कन्या भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।बजरंग अखाड़ा बड़ा मंदिर द्वारा नगर में अखाड़ा निकाला जिसमें छोटे छोटे पहलवानों ने पहलवानी कर्तव्य दिखाए। समाजसेवी पंडित रिंकू भार्गव द्वारा जटपुरा हनुमान मंदिर पर 21 किलो आसक्रीम का भोग लगाकर वितरित की गई।त्योहार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### ब्रह्मलीन रामदास ब्रह्मचारी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजन

# कुरवाई में आज से श्री रामचरित मानस सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

नगर में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल आज से और भी अधिक भक्तिमय हो गया है, क्योंकि श्री मुरलीधर मंदिर प्रांगण में पंच दिवसीय श्री रामचरित मानस सम्मेलन एवं संगीतमय श्री रामकथा का शुभारंभ हो रहा है। यह आयोजन ब्रह्मलीन श्री रामदास ब्रह्मचारी जी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।

इस भव्य आयोजन में कथा व्यास के रूप में साध्वी दीदी नीलम गायत्री (चित्रकूट, मप्र) एवं अरुण गोयल (रामायणी, झांसी) अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को रामकथा का अमृत पान कराएंगे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में परम पूज्य बाबा रामदास ब्रह्मचारी महाराज (मऊरानीपुर, उप्र) उपस्थित रहेंगे, जिनके प्रवचन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन भगवान प्रसाद शास्त्री (मानस रत्न) द्वारा किया जाएगा, जो पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करेंगे। आयोजन का शुभारंभ आज शुक्रवार 3 अप्रैल से दोपहर 2 बजे से होगा, जबकि समापन 7 अप्रैल को किया जाएगा। मुरलीधर मंदिर प्रांगण को आकर्षक रूप से सजाया गया है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजक ब्रह्मचारी शिष्य मंडल एवं समस्त क्षेत्रवासी एवं मानस प्रेमी जनों ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। पूरे नगर में इस धार्मिक आयोजन को लेकर उत्साह और उल्लास का वातावरण बना हुआ है।



# हाईस्कूल नौलास में उत्साह से मनाया प्रवेश उत्सव, साइकिल वितरित की गईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के शासकीय हाई स्कूल नौलास में प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले से युवा खेल अधिकारी आकांक्षा नोडल अधिकारी के रूप में मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुस्तकें एवं साइकिलों का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। खेल अधिकारी ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शील्ड एवं 100-100 रुपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर ग्राम नौलास के सरपंच, उपसरपंच, पंच, पालकगण, संस्था के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर भव्य चल समारोह निकला

**गैरतगंज।** नगर में हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास और बेहद भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित भव्य जुलूस ने पूरे नगर को धर्ममय कर दिया। इस दौरान संकटमोचन के जयकारों से आकाश गुंजायमान रहा और भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। भक्ति के रंग में रंगा नगर जुलूस का शुभारंभ नगर के किसानी मोहल्ला से हुआ। जैसे ही बजरंगबली की झांकी और ध्वज के साथ चल समारोह आगे बढ़ा, पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। ढोल-नगाड़ों की थाप और डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जुलूस का आत्मीय स्वागत किया गया। प्रमुख मार्गों से गुजरा कारवां हिन्दू उत्सव समिति के नेतृत्व में यह भव्य जुलूस नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरा। केसरिया ध्वजों और जय श्रीराम के नारों के साथ निकला यह चल समारोह आकर्षण का केंद्र रहा।

### आदिवासी समुदाय के लिए 23 को विवाह सम्मेलन

**रायसेन।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना (आदिवासी समुदाय के लिए) के तहत वर्ष 2026-27 में जिला स्तरीय कार्यक्रम गोंड गुरूआ बाबा (तारानगर) न्यास ग्राम पंचायत धामधूसर तहसील गौहरगंज में 23 अप्रैल को अतिरिक्त तिथि निर्धारित की है। जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी द्वारा सामूहिक विवाह आयोजन के लिए आयोजक जनपद पंचायत सीईओ औबेदुल्लागंज और नोडल अधिकारी मनोज बॉथम उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को बनाया है। सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाले वर-वधु द्वारा आवेदन फार्म 2 से 18 अप्रैल तक जनपद पंचायत कार्यालय औबेदुल्लागंज में जमा किए जा सकते हैं। सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाले वैवाहिक जोड़ों की सूची का 20 अप्रैल को जारी की जाएगी।

### श्रीराम कथा व सीताराम महायज्ञ में पहुंचे श्रद्धालु

**रायसेन।** नगर के श्रीजी सिटी कॉलोनी स्थित खुनखुन बाग वाले सिद्ध दादाजी हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा एवं सीताराम महायज्ञ में इन दिनों भक्तिरस की अविरल धारा बह रही है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। विशेष रूप से माता-बहनों की उपस्थिति अधिक देखी जा रही है। गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कथा पंडाल पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया। कथा के दौरान रामकथा वाचक पंडित रामकृष्ण महाराज ने तुलसीकृत रामायण के प्रसंगों का संगीतमय और भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श, मर्यादा और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में रामकथा का महत्व और भी बढ़ गया है। जो व्यक्ति मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में उतार लेता है। उसका जीवन धन्य हो जाता है। शिव-पार्वती संवाद का भी वर्णन किया।

## श्रीहनुमान प्रकटोत्सव पर शहर-गांव, कस्बों में गूंजे भक्तिभाव के स्वर, जगह-जगह हुए भंडारे

**20000 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने छींद धाम में पहुंचकर किए दादाजी के दर्शन**

**हनुमान चालीसा, सुंदर कांड पाठ के साथ मनाया उत्सव**

# श्रीहनुमान प्रकटोत्सव : मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, निकली शोभायात्रा






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

गुरूवार को शहर सहित जिलेभर में भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी का प्रकट्योत्सव उत्साह और भक्तिमय माहौल में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक मारुति नंदन के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

प्रकटोत्सव को लेकर मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा, फूल-मालाओं और वंदनवारों से सजाया गया। कई स्थानों पर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला चलती रही। कहीं सुंदरकांड पाठ, कहीं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, तो कहीं भजन-कीर्तन और रामधुन विशेष पूजा-अर्चना हवन पूजन का आयोजन किया।

शहर के प्रमुख सिद्ध दादाजी धाम गंजबाजार, खेड़ापति बालाजी मंदिर बावड़ीपुरा, महाबली पंचमुखी हनुमान मंदिर गोपालपुर, सर्व मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर रामपुर, खुन खुन बाग दादाजी हनुमान मंदिर, सिद्ध मारुति नंदन मंदिर पाटन देव, आदि हनुमान मंदिरों में सुबह मंगल आरती के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई।

### भगवान श्री हनुमान के प्रकटोत्सव पर भक्तों ने किए दादाजी के दर्शन

### दादाजी दरबार छींद धाम और हनुमान गढ़ी मंदिर में रही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

**बरेली।** गुरुवार को श्रीहनुमान जयंती पर नर्मदा क्षेत्र के सिद्ध एवं प्रसिद्ध धींद धाम हनुमान दद्दा के दरबार में सुबह से हजारों भक्तों की दर्शन करने उपस्थिति बनी रही। इसी प्रकार नगर के घोघरा नदी किनारे स्थित प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर में दिन भर हनुमान भक्तों की भीड़ बनी रही।

#### हनुमान गढ़ी मंदिर में हुआ सुंदर कांड पाठ

घोघरा नदी किनारे राजस्थान के लाल पत्थरों से निर्मित तीन मंजिला हनुमान गढ़ी मंदिर नगर की शान बना हुआ है। छोटी सी मढ़िया के स्थान पर हनुमान जी एवं श्रीराम दरबार विशाल दिव्य मंदिर में विराजमान है। जहां प्रकटोत्सव पर्व के अवसर पर संगीतमयी सुंदरकांड पाठ के साथ अन्य कार्यक्रमों की श्रृंखला बनी रही। हजारों श्रद्धालु हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचे। नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर में सुबह से हनुमान भक्तों की हाजरी लगती रही। अन्य हनुमान मंदिरों में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान नर-नारियों, युवाओं की उपस्थिति सक्रियता बनी रही।

#### हनुमान जी का विशेष श्रृंगार

प्रकटोत्सव पर छींद वाले दद्दा का पूर्ण वैभव श्रृंगार आभूषणों से किया, वहीं मंदिर एवं प्रांगण की विशेष सजावट की गई थी। छींदधाम में शनिवार, मंगलवार को हजारों भक्तों की भीड़ रहती है। जन्मोत्सव पर क्षेत्र के साथ अन्य जिलों से भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचे।

### विहिप-बजरंग दल ने निकाली वाहन रैली

हनुमान जी के जन्मोत्सव पर गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शहर में भगवा वाहन रैली निकाली। रैली की शुरुआत पाटनदेव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से हुई। रैली भोपाल तिराहा, रामलीला गेट, महामाया चौक, माता मंदिर चौराहा और चोपड़ा मोहल्ला से होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची। रैली के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में ढल गया। समापन पर हनुमान मंदिर में महाआरती, हवन-पूजन और दर्शन का आयोजन हुआ। बद्री प्रसाद पाराशर रवि चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ता और श्रद्धालु शामिल हुए।

### जिले के इन सिद्ध स्थलों पर अपार भीड़

जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्रीराम रसिया दरबार सिहोरा, सिद्ध दादाजी पठरिया धाम, श्रीहनुमान मंदिर गढ़ी, सिद्ध दादाजी छींद धाम बरेली सहित सभी मंदिरों में श्रीहनुमान जी के प्रकटोत्सव पर्व के दौरान विशेष पूजन-अर्चन के साथ कई अनुष्ठान, भंडारे के आयोजन हुए। शाम के समय कई मंदिरों में महाआरती और भजन संध्या का आयोजन हुआ। कुछ स्थानों पर विशेष झांकियां और धार्मिक झंडा यात्रा भी निकाली गई। आयोजकों ने बताया कि प्रकट्योत्सव को लेकर मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई थी।

### नगर में धूमधाम से मनाया हनुमान जी का जन्मोत्सव, निकली विशाल शोभायात्रा

**सलामतपुर।** मां अजनी के लाल हनुमंत लाल का जन्मोत्सव गुरुवार को नगर में उत्साह के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का आना-जाना प्रारंभ हो गया था। आकर्षक सजावट से सुशोभित हो रहे मंदिरों में बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी हनुमान महाराज की पूजा अर्चना और महाआरती कार्यक्रम से लेकर मंदिरों में आयोजित हुए सीताराम संकीर्तन सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं हवन कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह के साथ श्रद्धापूर्वक भाग लिया एवं हनुमान जी के दर्शन लाभ लिए। नगर के द्वारकाधीश मंदिर से भव्य शोभायात्रा और चल समारोह निकाला गया। जो भोपाल विदिशा मुख्य मार्गों से होता हुआ सरकारी अस्पताल के सामने तक पहुंचा।



**मंदिरों में सजावट और रामायण पाठ सहित विशाल भंडारे हुए**

### श्रीहनुमान जी जयंती पर ग्रामीण अंचलों में भक्ति का माहौल

**दीवानगंज।** श्रीहनुमान जयंती पर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने स्थित विशालकाय हनुमान जी की मूर्ति विशेष रूप से रही आकर्षित का केंद्र ,जहां पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की लगी रही भीड़।

क्षेत्र के दीवानगंज, अंबाड़ी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, करैया, गीदगढ़, बालमपुर, देहरी, सत्ती बांसिया, हिनोतिया, भंवरखेड़ी, छोला और चांद पिपरिया समेत कई गांवों में स्थित श्रीहनुमान मंदिरों को आकर्षक रूप से सजावट के साथ रामायण पाठ, हवन पूजा का आयोजन होता रहा।

### जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब भक्ति में डूबा सिलवानी अंचल

**सोजनी धाम में विशेष अनुष्ठान, हवन-पूजन और भजन-कीर्तन से गूंजा वातावरण**

**सिलवानी।** श्रीहनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर सहित पूरे अंचल में गहरी आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार हो उठे। भक्तों ने भगवान हनुमान के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा।

श्रीहनुमान जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र के प्रसिद्ध सोजनी धाम में विशेष रौनक देखने को मिली। तड़के से ही दूर-दूर के गांवों से श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने फूल-माला, नारियल और प्रसाद अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

सोजनी धाम में स्थापित हनुमान जी महाराज की भव्य प्रतिमा भक्तों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। मान्यता के अनुसार यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद अवश्य पूरी होती है, जिसके कारण हर वर्ष यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।



मंदिर के पुजारी पंडित महेंद्र भार्गव द्वारा पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ हवन, पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया और पूरे आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इसके साथ ही भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने झूमकर भक्ति का आनंद लिया।

शाम के समय विशेष आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे दिन चले धार्मिक कार्यक्रमों ने न केवल आस्था को मजबूती दी, बल्कि क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का संदेश दिया।

# परशुराम प्रकटोत्सव पर निकलेगा चल समारोह पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे विप्रजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में भगवान परशुराम प्रकट उत्सव इस बार विशेष भव्यता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा। ब्राह्मण समाज ने इसे लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। अर्जुन नगर स्थित हरसिद्धि मंदिर में आयोजित सर्व ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक में समाज के संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आगामी धार्मिक आयोजन को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से अधिवक्ता अवधेश दीक्षित को सर्व ब्राह्मण समाज का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके साथ ही राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, शैलेन्द्र शर्मा, राजेंद्र दुबे सोमवारा हरीश मिश्र, सुनील चतुर्वेदी, बद्री प्रसाद पाराशर, प्रकाश पाराशर, प्रवीण मिश्र और नन्हे लाल उपाध्याय को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं संतोष शर्मा को समाज का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।



इस अवसर पर विप्रजनों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

बैठक में निर्णय लिया कि भगवान परशुराम प्रकट उत्सव को इस वर्ष विशेष रूप से भव्य, आकर्षक और यादगार रूप दिया जाएगा। इसके तहत शहर में एक विशाल चल समारोह निकाला जाएगा, जो सिद्ध हनुमान मंदिर, गंजबाजार से प्रारंभ होकर सर्व मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर रामपुर तक पहुंचेगा। आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

चल समारोह में आकर्षक झांकियां, धार्मिक ध्वज, ढोल-नगाड़ों की गूंज, गाजे-बाजों की स्वर लहरियां और जयघोष के साथ धार्मिक उत्साह का वातावरण बनेगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक उत्सव मनाना नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक पहचान को प्रभावी रूप से सामने लाना भी है।

आयोजन को सांस्कृतिक गरिमा देने समाज के सभी विप्रजनों से पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होने की अपील की गई है। बड़ी संख्या में लोग सांस्कृतिक पहचान के साथ चल समारोह में शामिल होंगे, शहर में विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# शासकीय कन्या और बालक हासे. स्कूल में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

**छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के शासकीय विद्यालयों में उत्साहपूर्वक प्रवेशोत्सव मनाया गया। शासकीय कन्या हासे एवं शास. बालक हासे स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के साथ पालकों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कन्याशाला में छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया।

शा. बालक हा. से. स्कूल में शाला का शैक्षणिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य के.के. वानी ने प्रवेशोत्सव के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के शिक्षक राजेश हजारी, प्रभाकर तिवारी,



अरविन्द द्विवेदी, अरविन्द जरारिया इत्यादि ने अतिथियों, पालकों छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

पीएम श्री शा. कन्या हा. से. में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। छात्राओं का स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत की विशेष उपस्थिति रही। प्राचार्य यूएस अहिरवार एवं नेपाल सिंह राजपूत ने छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया।

# खनिज विभाग का नया रिकॉर्ड, 30 करोड़ लक्ष्य के मुकाबले 30.25 करोड़ की वसूली

**पिछले साल से करीब 10 करोड़ ज्यादा राजस्व, अवैध उत्खनन, परिवहन पर 277 प्रकरण हुए दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के खनिज विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व वसूली के मामले में नया रिकॉर्ड कायम किया है। शासन द्वारा निर्धारित 30 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले विभाग ने 30 करोड़ 25 लाख 61 हजार 857 रुपए की वसूली कर खनिज राजस्व मद में जमा कराई है। यह उपलब्धि जिले के लिए अब तक की सबसे अधिक खनिज राजस्व प्राप्ति मानी जा रही है। राजस्व वसूली जिला खनिज अधिकारी महेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में की गई।

जिला खनिज विभाग की इस उपलब्धि के पीछे कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और प्रशासनिक मॉनिटरिंग को अहम माना जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, इस बार न केवल नियमित खनिज राजस्व संग्रहण पर फोकस किया गया।बल्कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर भी सख्ती से कार्रवाई की गई।

सबसे खास बात यह है कि इस वित्तीय वर्ष में प्राप्त यह राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में करीब 10 करोड़ रुपए अधिक है। इससे साफ है कि जिले में खनिज संसाधनों के प्रबंधन और राजस्व निगरानी में इस बार उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, कुल वसूली 100.85 प्रतिशत रही, जो लक्ष्य से अधिक उपलब्धि को दर्शाती है। जिले में खनिज राजस्व वसूली का यह प्रदर्शन प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### अवैध खनिज उत्खनन पर कसा शिकंजा

जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर भी प्रशासन ने कड़ा शिकंजा कसा। वर्षभर में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के कुल 277 प्रकरण दर्ज किए गए। इन मामलों के निराकरण के बाद 3 करोड़ 20 लाख 10 हजार 683 रुपए की राशि अर्थदंड के रूप में वसूल कर जमा कराई।

खनिज निरीक्षक अर्चना ताम्रकार, सुमित गुप्ता ने बताया कि लगातार निगरानी, संयुक्त जांच, परिवहन वाहनों की चेकिंग और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई से अवैध कारोबार पर नियंत्रण में मदद मिली। इससे न केवल शासन प्रशासन को अतिरिक्त राजस्व मिला, बल्कि खनिज संसाधनों के संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम सामने आए।

## जिलेभर में समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी के लिए 152 केंद्र बनाए

**किसान समर्थन मूल्य पर फसल बेचने को तैयार, लेकिन व्यवस्था अधूरी**

# उपार्जन अटका : बारदाने नहीं पहुंचे, चना-मसूर की खरीदी भी शुरू नहीं हो सकी, गेहूं के लिए भी इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में रबी उपार्जन सीजन की शुरुआत से पहले ही व्यवस्थाओं की पोल खुलने लगी है। चना और मसूर की खरीदी अब तक शुरू नहीं हो सकी है, जबकि किसान अपनी उपज लेकर समर्थन मूल्य पर बिक्री की तैयारी कर चुके हैं। खरीदी शुरू नहीं होने की सबसे बड़ी वजह बारदाने की उपलब्धता नहीं होना बताई जा रही है। दूसरी ओर गेहूं खरीदी के लिए भी किसान इंतजार कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने जिले में गेहूं खरीदी के लिए 152 खरीदी केंद्र तो निर्धारित कर दिए हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी जरूरी इंतजाम अधूरे हैं।

किसानों बद्री प्रसाद, भुजेंद्र जादोन ने बताया कि फसल कटाई के बाद अब उन्हें भंडारण और बिक्री की चिंता सताने लगी है। खेतों से उपज निकलकर घर और गोदामों तक पहुंच चुकी है। लेकिन खरीदी केंद्रों पर गतिविधियां शुरू नहीं होने से किसान असमंजस में हैं। चना और मसूर की खरीदी में



देरी का असर सीधे किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। क्योंकि उन्हें फसल बेचकर अगली जरूरतों के लिए नकदी की व्यवस्था करनी होती है।

जानकारी के अनुसार, इस बार जिले में चना, मसूर और गेहूं का रकबा अच्छा रहा है। मौसम अनुकूल रहने से उपज का उत्पादन भी बेहतर हुआ है। ऐसे में किसानों को उम्मीद थी कि समर्थन मूल्य पर समय से खरीदी शुरू होगी। लेकिन बारदाने की कमी से पूरा सिस्टम शुरुआती दौर में ही अटक गया है। खरीदी केंद्रों पर तौल, भंडारण और परिवहन की व्यवस्था भी अभी पूरी तरह से सक्रिय नहीं हो पाई है।

कई किसानों का कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से तैयारी के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन केंद्रों पर न तो पर्याप्त सामग्री पहुंची और न बारदाना उपलब्ध हो सका।

उधर गेहूं खरीदी को लेकर भी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं है। जिले में 152 खरीदी केंद्र तो बनाए हैं, लेकिन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की रफ्तार धीमी है। किसानों का कहना है कि हर साल खरीदी सीजन के दौरान बारदाना, स्लॉट, परिवहन और भुगतान जैसी समस्याएं सामने आती हैं, लेकिन इस बार तो शुरुआत ही अटक गई है।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि खरीदी शुरू कराने के लिए तैयारियां जारी हैं और बारदाना उपलब्ध होते ही प्रक्रिया को गति दी जाएगी। संबंधित विभागों को व्यवस्थाएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### इनका कहना है

खरीदी केंद्रों पर बारदानों की जल्द रैक आने वाली है। सभी चना, मसूर और गेहूं खरीदी केंद्रों पर बारदानों की आपूर्ति कराई जाएगी।

**- राजू कातुलकर,** खाद्य अधिकारी रायसेन।